दैनिक भास्कर

# कार्रवाई / 2400 लीटर नकली डीजल-पेट्रोल के साथ 4 पकड़ाए

- **किसान और जनप्रतिनिधियों की सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी**



Jun 26, 2020, 06:12 AM IST

**टेढ़ागाछ.** टेढ़ागाछ पुलिस व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहयोग से बंगाल के पांजीपाड़ा, धर्मपुर, गोलपोखर से नकली डीजल एवं पेट्रोल लाने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। गिरोह किशनगंज के टेढ़ागाछ सहित पूरे सीमांचल में नकली माल सप्लाई करता था। टेढ़ागाछ पुलिस ने हाटगांव में 11 ड्रम के साथ वाहन चालक को गिरफ्तार कर 2 हजार 4 सौ 30 लीटर नकली डीजल एवं पेट्रोल जब्त किया है। थानाध्यक्ष चितरंजन प्रसाद यादव ने बताया स्थानीय किसान और जनप्रतिनिधियों की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। नकली माल एक पिकअप वैन से लाया जा रहा था। चालक से पूछताछ के बाद तीन अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है।

**पुलिस अन्य आरोपियों की कर रही तलाश**

वहीं एक अन्य रहीम पिता जमरूद्दीन साकीन झाला थाना टेढ़ागाछ जिला किशनगंज का है। गिरफ्तारी के बाद सबको जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया बीबीगंज के दुबरी टोला के नाहीद नामक एजेंट के माध्यम से पूरे टेढ़ागाछ में नकली डीजल एवं पेट्रोल बेचा रहा था।

Source: https://www.bhaskar.com/local/bihar/bhagalpur/kishanganj/news/4-caught-with-2400-liter-fake-diesel-petrol-127448749.html